# दुकानदारों ने की चिल्लर से तौबा, लोग परेशान

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नगर में प्राय: देखा जा रहा है की भारत सरकार की मुद्रा एक रूपया और दो रुपया के सिक्कों को व्यापारी लेने से मना करते हैं जबकि यह चलन से बाहर नहीं हैं तो फिर लोग एक और दो रुपयों के सिक्के लेने से मना क्यों करते हैं यह विषय समूचे नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

आखिर सरकार में बैठे नुमाइंदे और जन प्रतिनिधि इस और ध्यान क्यों नहीं देते। अब तो देखने में आ रहा है की एक रूपया और दो रुपयों के सिक्के लेने से भिखारी भी मना करने लगे हैं।आखिर माजरा क्या है।लोगों में यह धारणा बन गई है कि ये सिक्के बंद हो गए हैं जबकि ऐसा नहीं है। महानगरों सहित सभी जगह चिल्लर चलन में बनी है।मगर गोटेगांव क्षेत्र में लोगों की ऐसी क्या सोच बन गई है की वो ये सिक्के नहीं लेते हैं खासकर बड़े व्यापारी वर्ग इन सिक्कों को लेने से मना करते हैं। शासन इस ओर शीघ्र ही ध्यान दें।

अगर दुकानदार इन सिक्कों को नहीं लेता है तो उसके ऊपर भारतीय मुद्रा अपमान अधिनियम के तहत कार्यवाही होना चाहिए। ये सिक्के चलन में हैं।



## सिक्कों को लेने से मना करना अपराध

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 489ए से 489ई के तहत नोट या सिक्के का जाली मुद्रण, जाली नोट या सिक्के चलाना और सही सिक्कों को लेने से मना करना अपराध है। इन धाराओं के तहत न्यायालय द्वारा आर्थिक जुर्माना,सजा या दोनों का प्रावधान है।बहरहाल एक दो रुपए के सिक्के ना लेने पर शासन स्तर पर इस और शीघ्र ही ध्यान देने की जरूरत है।

## इनका कहना है -

यह बात आपके माध्यम से मेरे संदर्भ में लाई गई है हम विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे। चिल्लर अभी चल रही है और कोई भी लेने से मना नहीं कर सकता। हम अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को सूचित भी करेंगे।

**देवंती परते**
अनुविभागीय अधिकारी
गोटेगांव

# कोरम के अभाव में सरपंच का निर्वाचन स्थगित

**सौसर, देशबन्धु ।** हमेशा से सुर्खियों मे रहने वाली जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रामाकोना मे गत दिनों मे सरपंच श्वेता गगन गोहेल के खिलाफ पंचों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव को लाया गया। इसके बाद बुधवार को ग्राम पंचायत रामाकोना मे स्थानापन्न सरपंच को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर जिला पांढुर्णा के ज्ञापन क्रमांक 137/प्रस्तुत-1/अ. वी. अ./2025 सौसर दिनांक 24/02/2025 के अनुसार ग्राम पंचायत रामाकोना सरपंच पद की आकस्मिक रिक्ति होने के कारण मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 38 (ख)के अंतर्गत स्थानापन्न सरपंच का निर्वाचन की कार्रवाई हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से प्राप्त नोट शीट दिनांक 27 /2 /2025 के अनुमोदन उपरांत ग्राम पंचायत रामाकोना में स्थानापन्न सरपंच की निर्वाचन की कार्रवाई दोपहर 12:00 की गई थी।

खंड पंचायत अधिकारी के बताये अनुसार कोरम पूरा नहीं होने के कारण निर्वाचन की कार्यवाही स्थगित की गयी एवं जनपद पंचायत अधिकारी के निर्देश पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

बुधवार को स्थानापन्न सरपंच को लेकर पंचो को निर्वाचन के लिए आमंत्रित किया गया था लेकिन कोरोम पुरा नहीं होने के कारण बैठक स्थगित की गयी थी। ग्राम पंचायत रामाकोना में सरपंच के पद के लिए सामान्य महिला आरक्षण होने के कारण सरपंच महिलाओ में से ही बन सकता था वर्तमान पंचायत बॉडी में कुल 11 महिला पंच होने के बावजूद निर्वाचन के दिन केवल

## 11 महिला पंचों में से सिर्फ तीन ही पहुंची थीं निर्वाचन के दिन

3 ही महिला पहुंच सकी जिसके बाद निर्वाचन अधिकारीयों ने कोरम के अभाव मे बैठक स्थगित की गयी।

अब रामाकोना में ग्रामवासियो के मध्य चर्चा का विषय ये बन रहा है की अविश्वास के लिये सभी पंच एकमत होकर अविश्वास लाया गया तो फिर निचन के दिन सभी पंच एकजुट होकर महिला सरपंच का चुनाव क्यों नहीं कर पाए । अब चर्चा ये भी है की अब बागदौर उपसरपंच के हाथो होंगी या 3 महीने के लिए प्रशासन के हाथो मे होंगी बना चर्चा का विषय।

बुधवार को सम्पन्न हुए स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही की सुचना को लेकर महिला पंचो द्वारा प्रशासन पर आरोप लगाया की हमें सुचना निर्वाचन के 1 दिन पहले दी गयी थी जिसके कारण हमे मौका नहीं मिल सका अपने पंचो से सहमति बनाने का. जबकि निर्वाचन सम्बंधित सुचना 27 फरवरी 2025 को बनाई गयी थी लेकिन पंचो को सोचनी समझी साजिश के तहत निर्वाचन के एक दिन पहले दी गयी ऐसा भी महिला पंचों द्वारा आरोप लगाया गया।

अविश्वास प्रस्ताव लाकर सरपंच श्वेता गोहेल को पंचो द्वारा हटाने की प्रक्रिया की गयी थी जिसके बाद सरपंच श्वेता गगन गोहेल अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं थी जिसके बाद से बुधवार को सरपंच के स्टे लाने की भी चर्चा चलते रही।

अब देखना है की आगे क्या सरपंच श्वेता गोहेल को स्टे मिलने के बाद बनी रहेगी या फिर उपसरपंच संतोष चौधरी ग्राम की बागडोर अपने हाथो लेने मे सक्षम बने रहेगे।

## सार-समाचार

### धूमधाम से मनाया गया लाइनमैन सम्मान दिवस समारोह




**अमरवाड़ा, देशबन्धु ।** हर वर्ष की तरह 4 मार्च 2025 को भी विद्युत विभाग अमरवाड़ा के संभागीय कार्यालय में लाइनमैन सम्मान दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसके अंतर्गत सभी लाइन कर्मचारी का सर्वप्रथम कार्यपालन अभियंता प्रमोद गेडाम साहब द्वारा स्वागत हुआ और प्रबंध संचालक महोदय पूर्व क्षेत्र विद्युत विभाग का संदेश वाचन किया गया, तत्पश्चात सुरक्षा शपथ दिलाई गई, उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाइन कर्मचारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया गया और सहायक अभियंता कृष्ण कुमार बमनके द्वारा विद्युत सुरक्षा संबंधी वर्कशॉप व प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया।

### पूर्व मंत्री ने चार जरुरतमंद मरीजों दिलाई आर्थिक सहायता

**सौसर, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा पांढुर्णा जिले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के इलाज के लिए 4 लाख 15 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है।

मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना अंतर्गत गिरिश कोरडे 35 हजार, श्यामू मोहोड मांगुरली 45 हजार, पवन सौसर 65 हजार, सुखवंती मर्सकोले पांढुरना 30 हजार, मीना चौधरी बेरडी 30 हजार, रानी जैन सौसर 25 हजार, भोजराज धोतके पारडसिंगा 25 हजार, विशाल पंढराखेड़ी 15 हजार, अभिषेक करांगले खैरितायगाव 25 हजार, प्रवीण बाघ निमनी 25 हजार, सूर्यकांत ढोके सौसर 10 हजार, प्रमोद गुर्व 25 हजार, राहुल डाबरे पांढुर्णा 25 हजार, मोरेश्वर दुमने का समावेश है। आर्थिक सहायता मिलने से गंभीर बीमारी से पीड़ित का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री और सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ का आभार व्यक्त किया है।



### हर्षवर्ध ने की यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण

**सौसर, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय सौसर के राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र हर्षवर्धन बागडे का यूजीसी नेट उत्तीर्ण हुए हैं हर्षवर्धन शासकीय महाविद्यालय सौसर में लैब अटेंडेंट पद पर पदस्थ श्रीमती वंदना बागडे के सुपुत्र हैं हर्षवर्धन ने उत्तीर्ण होने का श्रेय अपनी माता एवं गुरुजनों को दिया साथी पूरे महाविद्यालय परिवार ने उन्हें इस अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित की और उज्जवल भविष्य की कामना की।



## परामर्शदात्री समिति की बैठक

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिलास्तरीय परामर्शदात्री बैठक का आयोजन मंगलवार 4 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने बैंकवार सेक्टरवार लोन वितरण की स्थिति का अवलोकन कर शासन के प्राथमिकता वाले क्षेत्र में ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। सभी बैंकर्स को केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन सहित शासन की प्राथमिकता वाली योजना में ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये।

## गेंहू खरीदी 15 से

**सिवनी, देशबन्धु ।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 31 मार्च 2025 तक किए जायेंगे एवं गेंहू खरीदी उपार्जन अवधि 15 मार्च से 05 मई 2025 तक निर्धारित की गई है।

# कमलनाथ व विधायक के बयान का विरोध, किया प्रदर्शन



**लोधीखेड़ा (छिंदवाड़ा), देशबन्धु।** सौसर विधायक विजय चौरे* द्वारा हाल ही में दिए गए कथित विवादित बयान "छिंदवाड़ा में लाखों लाशें बिछ जाएंगी" के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को लोधीखेड़ा मंडल में विरोध प्रदर्शन किया और विधायक का पुतला दहन किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विधायक विजय चौरे एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की कार्यशैली तानाशाहीपूर्ण और गुंडागर्दी से भरी हुई है, जिससे जनता में आक्रोश है।

मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, प्रदेश अजा मोर्चा सदस्य मोरेश्वर मार्सकोल्हे, जनपद अध्यक्ष संजय भूते की अगुवाई में किया गया। भाजपा

## ज्ञापन सौंपा

कार्यकर्ताओं ने सौसर विधायक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाना प्रभारी को ज्ञापन भी सौंपा।

इस पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री आनंद दुफारे, सरपंच भोजराज धोतके चंद्रशेखर कहाते, हरिदास धुर्वे, बंडू धुर्वे, उप सरपंच माधव ठाकरे, नामदेव भुजबल, लीलाधर बांगड़े, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष खेमराज सोनेकर, पार्षददिनेश रायकवार, होमदेव वंजारकर, रूपेश बागड़े, धीरेंद्र करडमारे, रमेश निम्बुलकर, अनिरुद्ध शिंदे, बंटी अंबरते, देवीदास पुसदकर, अरुण काकडे, भीमराव धोतके, लक्ष्मण घोरमारे शिवदयाल गुजवार नरेंद्र पवार, अनिल सूर्यवंशी, संजय टेकाड़े, उदय पट्टे, सुनील जोगी, जगदीश झरबड़े, राजेन्द्र कूथे, उमेश भुजबल, शरद बोबडे, रविन्द्र टेटे, नरेंद्र घंगारे, प्रभाकर भूते, दिलीप ठाकरे, बाबा माने, विलास चटप, रविन्द्र चौरे, दिगंबर बागड़े, बाला निरगुड़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विधायक विजय चौरे द्वारा लगातार गुंडागर्दी और तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे आम जनता में भय का माहौल बना हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेकर विधायक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने लोधीखेड़ा पुलिस थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर विधायक विजय चौरे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी कार्यकर्ता जिलेभर में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस विवादित बयान के बाद से क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है।

## भाजपा ने फूंका पुतला

**पिपलानारायणवार, देशबन्धु ।** पीपला ना वार मे सौसर क्षैत्र के विधायक द्वारा लाखों लोगों की लाशे बिछाने वाले बयान के विरोध मे विधायक का पुतला दहन कार्यक्रम पिपला के बड़ चौक मे सम्पन्न हुआ।

पुतला दहन कार्यक्रम में में वरिष्ठ नेताओं ने अपने उद्बोधन में सौसर विधायक की आलोचना की ओर आगे से ऐसे आपत्तिजनक बयानों से बचने का सुझाव दिया।

वक्ताओं में जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह परमार, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तेजराव गायकवाड़, वरिष्ठ नेता प्रदीप केने,राम जी सरोदे मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे ने अपने विचार रखे ओर नगर भाजपा अध्यक्ष सुरेश कोठे ने पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित हुए नेताओं, कार्यकर्ताओं ओर जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया।



## 509 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे

**अमरवाड़ा, देशबन्धु ।** अमरवाड़ा मंडी प्रांगण में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 509 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे, सांसद विवेक बंटी साहू क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश शाह ने शुभकामनाएं दी । विवेक बंटी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है। गरीब बच्चियों की शादी की समस्त जिम्मेदारी सरकार की होती है, प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जाती हैं और धूमधाम से कन्याओं का विवाह-निकाह होता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों, किसानों, बेटियों, युवाओं की सरकार है। हर वर्ग की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



इस अवसर पर जिले के सांसद विवेक बंटी साहू ा विधायक राजा कमलेश शाह भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शेष राव यादव जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी जनपद अध्यक्ष गणेश कंगाली भाजपा के वरिष्ठ नेता उत्तम सिंह ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति तिवारी नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर नगर मंडल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी संतोष नेम नवीन जैन शैलेंद्र पटेल संतोष पटेल दीपक नेमा विनोद चौरसिया दुर्गा वंशकार कैलाश जैन धनपाल शाह मुकेश सूर्यवंशी समस्त पालिका पार्षद एवं जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य सहित सारे वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## इमलिया में आठ पेटी शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस गोटेगांव पुलिस थानांतर्गत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कमती इमलिया के निकट कार्यवाही करते हुए जबलपुर से नरसिंहपुर जा रही लगभग 8 पेटी शराब आरोपियों से जब्त की है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गोटेगांव पुलिस थाना के नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ, उप निरीक्षक गौरव नेमा, ए एस आई जेपी धुर्वे, सी पी पटले, सागर सोनकर, विपिन दुबे, प्रशांत सिंह,एवं नितिन सिंह की समूची टीम ने सोमवार और मंगलवार की मध्य रात्रि में कमती इमलिया के निकट बोलेरो वाहन क्रमांक द्वश्च 49 ह्ल 0840 को रोककर तलाशी ली जिसके कब्जे से उस वाहन में सवार



आरोपियों हर्ष चढ़ार, लक्ष्मण चढ़ार एवं सतीश चादर से 8 पेटी शराब मय वाहन के जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को बीते मंगलवार को माननीय न्यायालय के पेश किया गया।

जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।गोटेगांव पुलिस की इस कार्यवाही से शराब माफियाओं में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 06 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की सप्तमी। नक्षत्र- रोहिणी**

**मेष**
आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

**वृषभ**
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। `क-

**कर्क**
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**सिंह**
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

**कन्या**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**तुला**
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**धनु**
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

**मकर**
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

**कुंभ**
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**मीन**
आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.

# जनता को भिखारी कह कर अपमानित किया मंत्री ने : कांग्रेस

**सिवनी, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने आज पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को भिखारी कहे जाने पर सवाल उठाते हुये उसके मुखिया और मंत्रियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में प्रदेश को वदहाली असुरक्षा और अपमान के गर्त में धकेल दिया है।

अब तो हालत यह हो गये है कि जनता को भगवान बताकर बोटे बटोरने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओंए बुजुर्गों, किसानों, युवाओं, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों को अब




## खाली प्लेट के साथ की खुराना ने पत्रकार वार्ता

भिखारी बता रही है।

उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की 1 करोड़ 29 लाख बहनों ने अपनी मेहनत की कमाई पर अधिकार मांगा, तो सरकार में बैठे पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रहलाद पटेल और उनकी पार्टी ने उन्हें भिखमंगा कहकर अपमानित किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव और मंत्री प्रहलाद पटेल बताये कि भाजपा सरकार ने यदि प्रदेश को विकसित बना दिया होता तो टोकना भर.भर कर आवेदन लेपर जतना उनके सामने अपना हक और अधिकार मांगने के लिए क्यों जाती।

सत्ता पाने के लिए लाड़ली बहना योजना के तहत 3000 रूपये देने का वादा करने वाली भाजपा ने लालच देकर उन्हें पहले 1000 रूपये दियेए 1250 रू. दिए, और अब धीरे धीरे योजना से अपात्र बताकर महिलाओं को वंचित किया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी के कारण महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के लिए संघर्ष कर रही हैंए लेकिन भाजपा सरकार उन्हें भिखारी बताकर उनका मनोबल तोड़ने में लगी है। खुराना ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बर्बादी की कगार पर हैए अस्पतालों में न तो डॉक्टर हैं और न दवाएं तक नहीं। मरीजों को इलाज नहीं मिलने के कारण वह परेशान होकर दम तोड़ रहे हैं। इलाज के लिए दर. दर भटक रहें हैं।

उन्होंने कहा कि 18 साल की शिवराज सरकार और अब मोहन यादव सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बद से बदतर हैं। गरीब जनता इलाज के लिए दर दर भटक रही है । यह वहीं भाजपा है जो वोट के लिए नतमस्तक होती है और सत्ता आने पर पता को भिखारी बताती है। भाजपा सत्ता के अहंकार में इतनी मोटी हो गई है कि जनता उन्हें भिखारी लगने लगी है।